



# मालवा फर्स्ट

MALWA FIRST

स्वाभिमान ही हमारा अभिमान है

Periodicity- Weekly

PRGI Reg. No. MPHIN/2023/90883

संपादक : ऐश्वर्य शर्मा

नीमच, बुधवार

17 सितम्बर 2025

वर्ष - 03, अंक - 20 - मूल्य 02 रूपए

पृष्ठ - 04

E-mail: nmh.pawan@gmail.com

Contact: 9407423966, 8770664866


Commodity: Gold 99,735 Silver 97,000 Crude Oil 5,963 Natural Gas 302.20 Aluminium 232.30 Copper 827.35

# विराट व्यक्तित्व नरेन्द्र मोदी 'सेवा प्रथम' भाव से ओतप्रोत नेतृत्व



अंतरराष्ट्रीय, क्षेत्रीय और पड़ोसी देशों के साथ तनावों के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के असाधारण नेतृत्व में भारत की विकास गाथा देख पूरी दुनिया के रणनीतिकार न केवल आश्चर्यचकित हैं बल्कि आशावान भी हैं कि भविष्य में वैश्विक संकटों का समाधान भी भारत भूमि से ही प्रकट होगा। शांति काल, युद्ध काल या आपदा काल में समभाव बनाए रखते हुए अब तक प्रधानमंत्री मोदी ने जिस प्रकार सटीक तथा लक्षित रणनीति के साथ समाधान प्रस्तुत किये हैं, उससे वैश्विक स्तर पर उनके प्रति भरोसा और दृढ़ हुआ है।

नरेन्द्र मोदी के जीवन की कहानी संघर्ष और समर्पण की एक प्रेरणादायक गाथा है। वह एक ऐसे नेता हैं जिन्होंने अपने असाधारण नेतृत्व और विराट व्यक्तित्व से भारत को एक नई दिशा प्रदान की है। उनकी नेतृत्व क्षमता, दूरदर्शिता और जनसमर्थन ने उन्हें एक प्रभावशाली नेता बनाया है। वह एक मजबूत नेता हैं जो अपने निर्णयों पर अडिग रहते हैं और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। उनकी नेतृत्व क्षमता ने उन्हें भारत और विश्व के सबसे प्रभावशाली नेताओं में से एक बनाया है।

प्रधानमंत्री एक दूरदर्शी नेता हैं जो भारत के भविष्य को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने कई महत्वाकांक्षी परियोजनाओं की शुरुआत की है। इनमें स्वच्छ भारत अभियान, डिजिटल इंडिया और मेक इन इंडिया आदि हैं जो भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में मदद कर रहे हैं। जनता से मिले व्यापक समर्थन, लोकप्रियता और उनके व्यक्तित्व के अद्भुत प्रभाव ने उन्हें एक दृढ़ निश्चयी नेता बनाया है जो कठोरतम निर्णयों को भी सहज भाव में लागू करने में सक्षम हैं। नरेन्द्र मोदी का विराट व्यक्तित्व उनकी नेतृत्व क्षमता, दूरदर्शिता और जनसमर्थन का परिणाम है। उन्होंने अपने जीवन में कई चुनौतियों का सामना किया है और उन्हें पार किया है, जो उनकी मजबूत इच्छाशक्ति और संकल्प को दर्शाता है।

नरेन्द्र मोदी का आरंभिक जीवन गुजरात के एक छोटे से शहर वडनगर में बीता। पिता दामोदर दास मूलचंद मोदी और माता हीराबेन के परिवार में 17 सितंबर 1950 को उनका जन्म हुआ। उनके परिवार की आर्थिक स्थिति सामान्य थी और पिता चाय की एक दुकान चलाते थे। अपनी स्कूली शिक्षा वडनगर में पूरी करने के बाद में उन्होंने गुजरात विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। छात्र जीवन से ही वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़ गए और अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की। उन्होंने जीवन में कई चुनौतियों का सामना किया। इसी मेहनत और संघर्ष ने उन्हें भारत के प्रधानमंत्री पद तक पहुंचाया।

युवावस्था से ही गृहस्थ जीवन को त्याग सामाजिक जीवन में प्रवेश करने वाले नरेन्द्र मोदी का पूरा जीवन निस्वार्थ सेवा भाव में ही व्यतीत हुआ है और आज भी विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के शीर्ष पद पर विराजमान होने के बावजूद उनका यह भाव जीवंत है। कई आश्चर्यजनक घटनाओं, झंझावातों और उथल-पुथल से भरे उनके जीवन से विश्व के कई देश और शीर्ष नेतृत्व मार्गदर्शन की आशा रखते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भारतीय जनमानस पर प्रभाव बहुत गहरा और व्यापक है। उनकी लोकप्रियता और राजनीतिक कौशल कई मायनों में उन्हें दूसरों से अलग करते हैं। वह एक प्रभावी वक्ता हैं जो अपने शब्दों से लोगों को प्रभावित करते हैं। वह एक कुशल राजनीतिक रणनीतिकार हैं जो अपने विरोधियों को आश्चर्यचकित करने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए विभिन्न रणनीतियों का उपयोग करते हैं। जनता के व्यापक समर्थन से प्रधानमंत्री ने भारत में आर्थिक सुधार के लिए कई साहसिक कदम उठाए हैं जिनमें जीएसटी और नोटबंदी प्रमुख है। इन आर्थिक सुधारों ने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में मदद की है। जनता में उनके समर्थन और उनके प्रति अनुसरण के भाव को स्वच्छ भारत अभियान और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे अभियानों में देखा जा सकता है जिन पर पूरे देश में उन्हें जनसमर्थन प्राप्त हुआ है।

विश्व में वह एक मजबूत नेता के तौर पर उभरे हैं। राष्ट्र के हितों को सर्वोपरि रखते हुए उन्होंने जिस तरह के अमेरिकी टैरिफ मसले पर रणनीति अपनाई है उसने पूरे विश्व को दिखा दिया है कि भारत राष्ट्र हितों पर किसी के आगे झुकने को तैयार नहीं है। विभिन्न देशों के बीच सामंजस्य बनाने का प्रधानमंत्री के पास एक अनोखा कौशल है। उनकी विदेश नीति और कूटनीतिक प्रयासों ने भारत को वैश्विक मंच पर एक महत्वपूर्ण भूमिका दिलाई है। ग्लोबल साउथ के देशों के साथ संबंधों को मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र और जी- 20 जैसे वैश्विक मंचों पर भारत की आवाज को बुलंद किया है। उन्होंने आर्थिक कूटनीति पर ध्यान केंद्रित किया है, जिससे देश के व्यापार और निवेश में वृद्धि हुई है। सांस्कृतिक कूटनीति का उपयोग करके विभिन्न देशों के साथ संबंधों को मजबूत बनाने का प्रयास किया है।

## पत्रकारों के सुख-दुख में साथ है सरकार - मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल 14 सितम्बर (एजेंसी)। संचार प्रतिनिधियों के लिए स्वास्थ्य एवं दुर्घटना समूह बीमा योजना में आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ा कर 27 सितम्बर की गई । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि समाज को दिशा देने वाले पत्रकारों के सुख-दुख में राज्य सरकार हमेशा उनके साथ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनसम्पर्क विभाग द्वारा संचालित संचार प्रतिनिधियों के लिए स्वास्थ्य एवं दुर्घटना समूह बीमा योजना में वर्तमान वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भी पत्रकारों से गत वित्त वर्ष 2024-25 की तरह ही प्रीमियम लिया जायेगा। पिछले वर्ष से बढ़े हुए प्रीमियम की शेष राशि सरकार द्वारा वहन की जाएगी। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के हित में इस समूह बीमा योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन करने की अंतिम तारीख भी बढ़ाकर 27 सितंबर कर दी गई है। पहले इसकी अंतिम तिथि 22 सितंबर थी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को मीडिया के लिए जारी संदेश में कहा कि अब हर वर्ष पत्रकारों से उनके द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 में जो बीमा प्रीमियम दिया गया था, प्रीमियम की वही राशि ली जाएगी। पत्रकारों से गत वित्त वर्ष की भांति प्रीमियम लेने पर राज्य सरकार पर अनुमानित 4.50 करोड़ रूपये का अतिरिक्त व्यय भार आयेगा।

## नीमच में नवरात्रि गरबा में गैर-हिंदुओं की एंट्री बैन रहेगी

### पहचान पत्र दिखाना और तिलक लगाना अनिवार्य, विश्व हिंदू परिषद की बैठक में फैसला

नीमच 14 सितम्बर (निप्र)। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की जिला स्तरीय बैठक रविवार को दोपहर आयोजित की गई। बैठक दो सत्रों में आयोजित हुई जो शाम 5 बजे सम्पन्न हुई। गौ सेवा केंद्र में हुई इस बैठक में संगठन की भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। विभाग मंत्री अनुपाल सिंह झाला ने मोहल्ला समितियों के माध्यम से हर हिंदू घर तक सेवाएं पहुंचाने पर जोर दिया। उन्होंने गौ सेवा और साप्ताहिक मिलन कार्यक्रमों की महत्ता बताई।



वीएचपी के दो नए कार्यक्रम 'विमर्श' और 'नैतिक शिक्षा' की जानकारी भी दी गई। विमर्श के जरिए हिंदू धर्म की भ्रांतियां दूर करने का प्रयास किया जाएगा। नैतिक शिक्षा से बच्चों को धर्म और संस्कृति से जोड़ा जाएगा।

**गरबा में सिर्फ हिंदुओं की एंट्री रहेगी** - जिला मंत्री कैलाश मालवीय ने नवरात्रि गरबा के लिए नए नियम घोषित किए। गरबा पंडालों में केवल पारंपरिक मूर्तियां ही स्थापित की जा सकेंगी। एआई से डिजाइन की गई मूर्तियों पर प्रतिबंध रहेगा। गरबा में सिर्फ सांस्कृतिक वेशभूषा में आए लोगों को प्रवेश मिलेगा। गैर-हिंदू व्यक्तियों का प्रवेश निषेध रहेगा। प्रवेश से पहले पहचान पत्र की जांच होगी। माथे पर तिलक लगाना अनिवार्य किया गया है।

बैठक में नीमच जिले के विभिन्न प्रखंडों में नए दायित्वों की घोषणा की गई। इस अवसर पर प्रांत, विभाग और जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## हिंदी छात्र को अनपढ़ से ज्ञानी बनाती हैं - डॉ. माधुरी चौरसिया

नीमच 13 सितम्बर (निप्र) । हिन्दी हमारे स्वाभिमान और गर्व की भाषा है। हिंदी ने हमें विश्व में एक नई पहचान दिलवाई हैं। भारत में यह कश्मीर से कन्याकुमारी तक समझी जाती हैं। हिंदी भाषा हमारी संस्कृति और संस्कारों का प्रतिबिम्ब है। पूरे विश्व के लोग हिंदी पढ़ने, समझने एवं हिंदुस्तान की संस्कृति को जानने एवं पहचानने के लिए हमारे देश में आ रहे हैं।

अतः आज हम सब यह संकल्प लें कि हम सदा इसका मान बढ़ायेंगे इसे आत्मसात करेंगे। मोबाईल वार्तालाप सब देवनागरी में करेंगे। सभी प्रतिष्ठानों के नाम हिंदी में लिखेंगे। व्यापार, व्यवसाय की भाषा हिंदी होगी। हिंदी को दोयम दर्जे की भाषा नहीं मानेंगे एव उसे बोलने-सीखने में गर्व की अनुभूति करेंगे। उक्त विचार इनरव्हील क्लब की पूर्व अध्यक्ष डॉ. माधुरी चौरसिया ने शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमाकं 02 में हिंदी दिवस के कार्यक्रम में व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सी.आर.पी.एफ. से समाज सेवी रजनी दत्ता, सी.सी.सी. चेयरमैन पी.डी.सी. संगीता जोशी, प्रमुख वक्ता डॉ. माधुरी चौरसिया ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इनरव्हील प्रार्थना का वाचन कोषाध्यक्ष अलका चड्डा ने किया। स्वागत उद्बोधन अध्यक्ष अमरजीत कौर छाबड़ा ने प्रदान किया।




इस अवसर पर रजनी दत्ता ने कहा कि हमें अपनी मातृभाषा में ही बच्चों को पढ़ाना चाहिए। मातृभाषा के माध्यम से ही उनका मानसिक विकास होता हैं। हिंदी दिवस के अवसर पर विद्यालय में सभी छात्रों की प्राथमिक एवं माध्यमिक वर्ग में सुन्दर लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को पुरूस्कार प्रदान किये गए।

छात्रों के लिए हिंदी भाषा में जुड़े प्रश्न मंच का आयोजन भी किया गया जिसमें विजेताओं को ज्ञानोदय द्वारा पुरूस्कार वितरित किये गए। हिंदी दिवस के अवसर पर समाजसेवी रजनी दत्ता के आर्थिक सहयोग से विद्यालय के खेल मैदान में तीन सोलर लाईट लगायी गई। वहीं दूसरी ओर सुनीता डबकरा, शारदा तौर, अंजु जैन एवं फारूख जी के आर्थिक सहयोग से पानी की मोटर लगवा कर पाइप लाईन बिछवाई गई।

कार्यक्रम में शशि मोगरा, बीना खंडेलवाल, शोभा तोतला, प्रीति ग्रोवर, संगीता दुआ, सीमा अरोरा, रजिया अहमद, कुसुम कदम, रागिनी कालरा एवं सुमन अहीर सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष तृप्ति दुआ ने किया एवं आभार पूर्व अध्यक्ष हेमांगिनी त्रिवेदी ने माना ।

## देलीशा खान भारतीय डॉजबॉल टीम में चयनित, जापान में करेंगी प्रतिनिधित्व



नीमच 14 सितंबर (निप्र)। एशियाई डॉजबॉल चैंपियनशिप 2025 के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। इस टीम में नीमच की प्रतिभाशाली खिलाड़ी देलीशा खान d/o तोषी मुजम्मिल खान को शामिल किया गया है। यह चैंपियनशिप 26 से 29 सितंबर तक जापान के शहर चिबा में होगी। देलीशा खान कार्मेल कान्वेंन्ट स्कूल नीमच की कक्षा 11 की छात्रा हैं। 13 जुलाई को मध्य प्रदेश के देवास में आयोजित चयन ट्रायल्स में शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें राष्ट्रीय टीम में जगह मिली । एसोसिएशन ने कहा कि देलीशा का भारतीय टीम मे चयन न केवल उनके लिए बल्कि पूरे नीमच के लिए गर्व क्षण है।

## प्रधान डाकघर में डाक बुकिंग रात्रि 8 बजे तक होगी

नीमच । मंदसौर डाक संभाग के अधीनस्थ मंदसौर प्रधान डाकघर एवं नीमच प्रधान डाकघर को रात्रिकालीन डाकघर घोषित किया गया है। उक्त दोनों प्रधान डाकघरों में रात्रिकालीन समय में डाक बुकिंग हेतु एक काउंटर का संचालन किया जाएगा।

नीमच व मंदसौर के प्रधान डाकघर में सोमवार से शनिवार तक डाक बुकिंग काउंटर का समय प्रातः 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक रहेगा। अधीक्षक डाकघर मंदसौर जगदीश शर्मा ने सभी नागरिकों से अनुरोध किया है, कि वे मंदसौर प्रधान डाकघर एवं नीमच प्रधान डाकघर में प्रतिदिन (सोमवार से शनिवार) रात्रि 8 बजे तक डाक बुकिंग (स्पीड पोस्ट, रजिस्ट्री एवं पार्सल) सेवा का लाभ उठा सकते हैं।

## भारतीय जनता पार्टी सनातन धर्म का सम्मान करती है, आज देश में भुखमरी से किसी की जान नहीं जाती, भाजपा सरकार निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध करवा रही है - कैलाश विजयवर्गीय

### अद्भुत संयोग बना, रामतलाई का भूमि पूजन भी कैलाश विजयवर्गीय के हाथों सम्पन्न हुआ, और लोकार्पण भी कैलाश विजयवर्गीय के द्वारा ही हुआ

मनासा 13 सितम्बर (निप्र)। मनासा नगर सहित विधानसभा क्षेत्र को करोडो के विकास कर्यो की सौगात देने आये मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने द्वारिका पूरी धर्मशाला में अपने उद्बोधन में कहा की, देश एवं प्रदेश की सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए दृढ़ संकल्पित है। इसके लिए सरकार ने स्थानीय निकायों के निर्वाचनों में महिलाओं को आरक्षण का लाभ दिया है, परिणाम स्वरूप आज नगरीय निकायों में महिला जनप्रतिनिधियों की भागीदारी काफी बढ़ी है। मनासा विधानसभा की तीनो नगर पंचायत इसका एक श्रेष्ट उदाहरण है। प्रदेश के नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा शनिवार को नगर पंचायत मनासा द्वारा द्वारकापुरी में आयोजित विभिन्न विकास कार्यों के भूमि पूजन, शिलान्यास एवं लोकार्पण आदि किये गये, विजयवर्गीय ने मंच से प्रदेश कॉंग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के महिलाओ वाले बयान को लेकर तंज कसा और कहा की कॉंग्रेस महिलाओ का सम्मान करना कहाँ जानती हे, और देवी पुराण के एक किस्से को सुनाते हुवे कहा की सनातन धर्म में नारि को देवी माना गया हे, और भारतीय जनता पार्टी सनातन धर्म का सम्मान करती हे ! इस मौके पर नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार मनासा विधायक अनिरुद्ध माधव मारू जिला पंचायत अध्यक्ष सज्जन सिंह चौहान, मंदसौर के पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, रतलाम विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष अशोक पोरवाल, नीमच नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चोपड़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खंडेलवाल मनासा नगर परिषद अध्यक्ष डॉक्टर सीमा अजय तिवारी, एवं विभिन्न नगरीय निकायों के अध्यक्ष एवं पार्षदगण, पंचायत पदाधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण मंचासीन थे।





क्षैत्र की बहनों ने विजयवर्गीय को भेंट की राखी



नगर परिषद् अध्यक्ष डॉ. सीमा अजय तिवारी ने सौंपा मांग पत्र

मनासा को स्वच्छता में प्रथम लाना हे, तो प्रत्येक व्यक्ति को जिम्मेदारी निभानी होगी - नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अपने उद्बोधन में कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश के गरीबों को निशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध करने का काम किया है। उन्होंने देश को स्वच्छता का संदेश दिया है।

विजयवर्गीय ने उपस्थित जनों से मनासा को स्वच्छता में पहले नंबर पर लाने का आह्वान करते हुए कहा कि, बगैर जन सहयोग के स्वच्छता में नंबर वन नहीं आ सकते हैं । उन्होंने नागरिकों का स्वच्छता में नंबर वन आने में सहयोग का आह्वान भी किया। उन्होंने सरपंचों से भी अपने गांव को साफ-सुथरा रखने की जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया। उन्होंने जन्नोद की महिला समूह की महिलाओं द्वारा केक बनाने के कार्य और सिलाई प्रशिक्षण के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि, डबल इंजन की सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में दृढ़ संकल्पित होकर कार्य कर रही है पुलिस भर्ती में भी महिलाओं को आरक्षण का लाभ दिलाया जा रहा है।

मनासा विधायक अनिरुद्ध माधव मारू ने अपने उद्बोधन में कहा कि, प्रधानमंत्री ने देश को स्वच्छता का संदेश दिया है। इंदौर ने आठवीं बार स्वच्छता में प्रथम पुरस्कार हासिल किया है । आबादी के मान से नगर परिषद मनासा ने भी स्वच्छता में देश में छठा स्थान एवं प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल किया है।

उन्होंने कहा कि, ग्राम पंचायत को पूर्व में 13 और आज 17 स्वच्छता रथ प्रदान किए गए हैं, इनके माध्यम से स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचेगा और शहरों के साथ अब गांव भी स्वच्छ बनेंगे।

# पेड़ लगाना धर्म हमारा उसे बचाना कर्म हमारा, शहरवासी हरित नीमच अभियान में सहभागी बने - श्रीमती चोपड़ा

## नपाध्यक्ष ने लायंस चौराहा सर्किल पर किया पौधारोपण




नीमच । नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया के नेतृत्व में अमृत हरित योजना के तहत शहर में प्रारंभ किए गए हरित नीमच अभियान के अंतर्गत शनिवार 13 सितंबर को वार्ड क्रमांक 34 स्थित लायंस चौराहे पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा ने सीआरपी रोड पर रविंद्र नाथ टैगोर सर्कल सहित अन्य स्थानों पर समाजसेवी संतोष चोपड़ा, सांसद प्रतिनिधि आदित्य मालू, वासुदेव गर्ग, पार्षद श्रीमती शारदा दीपक पाटनी एवं वार्ड वासियों के साथ विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण कर पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया। इस दौरान उपस्थित जनों ने पेड़ लगाना धर्म हमारा इसे बचाना कर्म हमारा जेसे नारे लगाकर क्षेत्र वासियों को पौधारोपण के प्रति जागरूक किया ।

इस अवसर पर 80 वर्षीय वृद्धा श्रीमती शारदा बंसल के हाथों एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी करवाया गया! इस अवसर पर नपा अध्यक्ष श्रीमती चोपड़ा ने कहां की हमारे द्वारा हरित नीमच अभियान के तहत शहर में विभिन्न स्थानों, सर्किल एवं वाटिकाओं में पौधारोपण कर शहर को हरा भरा बनाने का प्रयास किया जा रहा है! शहर के नागरिक भी हरित नीमच अभियान के तहत पौधारोपण कर शहर को हरियाली युक्त बनाने में सहयोग प्रदान करे !इस अवसर पर उपस्थित पर्यावरण प्रेमियों ने पौधों की देखभाल एवं उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया! कार्यक्रम के दौरान श्रीमती चोपड़ा व उपस्थितजनों ने लायंस चौराहा स्थित टैगोर सर्कल तथा त्रिकोण वाले सर्किल पर चंपा, टिकॉन प्रजाति के पौधों का रोपण किया तथा पाम के जो पौधे डिवाइडर पर सूख चुके थे उनकी जगह नए पौधे लगाए ।

# तलाकशुदा विधवा पोरवाल युवक युवती परिचय सम्मेलन 18 सितंबर को नीमच में

नीमच । अखिल भारतीय पोरवाल महासभा एवं अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन के संयुक्त तत्वाधान में तलाकशुदा विधवा के लिए एक दिवसीय परिचय सम्मेलन आगामी 18 सितंबर को नीमच में आयोजित होने जा रहा है जिसमें लगभग सभी तैयारियां अंतिम चरण में चल रही है अखील भारतीय पोरवाल महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री मांगीलाल सेठिया ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर अखिल भारतीय पोरवाल महासभा एवं युवा संगठन ने पत्रिका का विमोचन किया जाएगा । कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर मंदसौर क्षेत्रीय विधायक दिलीप सिंह परिहार नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा को आमंत्रित किया गया है ।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय पोरवाल महासभा के राष्ट्रीय संरक्षक बंशीलाल धनोतिया अध्यक्ष मुकेश पोरवाल राष्ट्रीय महामंत्री मांगीलाल सेठिया राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अध्यक्ष मुकेश दानगढ़ शामगढ़नीमच चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीश चोधरी अखिल भारतीय पोरवाल महासंघ के प्रचार मंत्री देवीलाल फरक्या राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष विकास गुप्ता पूर्व जिला अध्यक्ष गोविंद पोरवाल झालरापाटन अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन के संस्थापक अध्यक्ष राजेंद्र सधवी देवास राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र उदिया मंदसौर संरक्षक गोविंद डबकरा प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र काला जिला अध्यक्ष प्रकाश मंडवारिया जिला अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता मन्दसौर नगर अध्यक्ष शांतिलाल गुप्ता महिला मंडल अध्यक्ष सुनीता डबकरा युवा संगठन जिला अध्यक्ष कमलेश पोरवाल नगर अध्यक्ष विश्वास मंडवारिया कार्यक्रम में बिना प्रवेशिका के प्रवेश वर्जित रहेगा जितने भी बायोडाटा दिया है जो प्रत्याशी है वह स्वयं एवं माता-पिता की ही उपस्थिति रहेगी । कार्यक्रम ठीक 11:00 बजे प्रारंभ कर दिया जाएगा मां सरस्वती एवं राजा टोडरमल जी के चित्र पर माल्या अर्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ होगा । प्रत्याशी मंच पर अपना स्वयं परिचय देंगे । कार्यक्रम नीमच के टाउन हॉल में सम्पन्न होगा ।

# इनरव्हील डायमंड की पहल "मेरी किताब पढ़ेगा इंडिया, तभी तो बढ़ेगा इंडिया" प्रकल्प सम्पन्न



नीमच । इनरव्हील क्लब ऑफ नीमच डायमंड द्वारा गोद लिए गए शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 में मण्डल स्तर पर प्राप्त परियोजना "मेरी किताब – पढ़ेगा इंडिया, तभी तो बढ़ेगा इंडिया" के अंतर्गत छात्राओं को 500 से अधिक रजिस्टर का वितरण किया गया। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष पूजा गर्ग ने अपने उद्बोधन में कहा कि पुस्तकों का अध्ययन जीवन में सबसे बड़ा निवेश है। किताबें ही बच्चों को नई दिशा और बेहतर व्यक्तित्व प्रदान करती हैं। इसी सोच के साथ यह परियोजना चलाई गई है । विद्यालय की प्राचार्य व स्टॉफ ने भी उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि क्लब द्वारा छात्राओं को इतने रजिस्टर प्राप्त कराने से छात्राओं की अध्ययन में और अधिक रुचि बढ़ेगी तथा परीक्षाओं की तैयारी में भी मदद मिलेगी। यह महत्वपूर्ण प्रकल्प क्लब की एडिटर श्रीमती शिवांगी जैन के सहयोग से संपन्न हुआ। क्लब ने उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में क्लब सचिव पायल गुर्जर कोषाध्यक्ष दिव्या जैन आई.पी. पी.पूजा खण्डेलवाल उपाध्यक्ष रिंकी तापड़िया, पलक खण्डेलवाल, दीपिका खण्डेलवाल, रिंकू प्रजापति, प्रियंका नागदा, जयंती एनिया सहित बड़ी संख्या में क्लब की सदस्याएं उपस्थित रहीं।

# हिंदी है भारत मां के भाल की बिंदी -डॉ. सुरेंद्र शक्तावत

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस नीमच में मनाया हिंदी दिवस




नीमच । हिंदी भाषा प्रत्येक भारतीय के जन्म से लेकर मृत्यु तक जुड़ी हुई है यह भारत की आत्मा है इसलिए हिंदी भारत माता के भाल की बिंदी है ।हिंदी के बिना हिंदुस्तान की कल्पना नहीं की जा सकती है। संस्कृत से उत्पन्न हिंदी आज किसी की मोहताज नहीं है वह अपने दमखम पर विश्व में अपना परचम लहरा रही है ।इसलिए हिंदी भाषियों को कतई निराश होने की आवश्यकता नहीं है उनका भविष्य उज्ज्वल है ।आने वाली सदी हिंदी और हिंदुस्तान की होगी उक्त उद्गार स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नीमच में हिन्दी दिवस कार्यक्रम मैं मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए प्रख्यात इतिहासकार एवं साहित्य सेवी डॉ. सुरेंद्र शक्तावत में व्यक्त किये । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज नीमच के प्राचार्य डॉ. प्रशांत मिश्रा ने कहा कि वैश्वीकरण के दौर में अंतर्राष्ट्रीय भाषा लोकल भाषाओं को समाप्त कर देती है। बहुत से ऐसी भाषाएं है जो अंग्रेजी के मुकाबले सरवाइव नहीं कर पाई आज उनका अस्तित्व समाप्त हो गया है। अंग्रेजी ने हिंदी को भी डोमिनेट करने की कोशिश की है किंतु हिन्दी हमारी आन बान शान है। उन्होंने भाषा विज्ञान की दृष्टि से हिन्दी के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

विशेष अतिथि के रूप में महाविद्यालय के जन भागीदारी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री विश्व देव जी शर्मा ने हिन्दी के वर्णों की संख्या बताते हुए कहा कि हिंदी में 52 वर्ण है अन्य भाषाओं के वर्णों मैं सबसे भारी है। वह आगे कहते हैं - हिन्दी के वर्ण 'अ' से अनपढ़ से शुरू होकर 'ज्ञ' से ज्ञानी बनाकर छोड़ती है। यही हमारी हिन्दी की विशेषता है। डॉ. संजय जोशी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हिंदी संस्कृत की पुत्री है चारों वेद संस्कृत में है। तथा एक वैज्ञानिक भाषा का दर्जा केवल हिंदी को प्राप्त है जिसमें जैसा बोला जाता वैसा ही लिखा जाता है।

डॉ.सी.पी.पंवार ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हिंदी भाषा में संवेदना के साथ-साथ मानव मात्र के प्रति कल्याण की कामना है तुलसी सूर्य कबीर रहीम दास आदि हिंदी के महान कवि हुए हैं जिन्होंने हिंदी के माध्यम से राष्ट्र की सेवा की। इस अवसर पर कला संकाय की संकायाध्यक्ष डॉ. प्रभावती भावसार एवं एबीवीपी नगर मंत्री नितेश गुर्जर भी मंचासीन थे ।

# डोडा चूरा तस्करी का मास्टरमाइंड पकड़ाया

## फॉलोअप : 550 किलो डोडा चूरा जब्त, मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

नीमच। जिले की जीरन पुलिस ने डोडाचूरा तस्करी के मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई दो दिन पहले 550 किलोग्राम अवैध डोडाचूरा जब्त करने के बाद की गई है। जीरन पुलिस टीम ने गुरुवार को हर्कियाखाल फंटा फोरलेन हाईवे पर वाहन जांच के दौरान एक बिना नंबर की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल और पिकअप (एमपी 09 केडी 6519) को रोका। पिकअप से 22 प्लास्टिक के कट्टों में 550 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा मिला।

पुलिस ने मौके पर पिकअप चालक अजय सिंह सोंधिया राजपूत को गिरफ्तार किया। साथ ही मोटरसाइकिल पर सवार विकास भील और दिलीप सोंधिया राजपूत को भी पकड़ा। पूछताछ में पता चला कि डोडाचूरा मंदसौर के काचरिया कदमाला निवासी भोपाल सिंह सोंधिया राजपूत ने दिया था। शनिवार को पुलिस ने मुख्य सप्लायर भोपाल सिंह को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस अब डोडाचूरा के स्रोत और इस नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों की जानकारी जुटा रही है।

# पुलिस ने क्रेटा कार से पकड़ा 40 किलो डोडाचूरा

नीमच, निप्र। जिले में नशे के खिलाफ लगातार चल रही कार्रवाई के तहत हर्कियाखाल चौकी पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर फोरलेन हाईवे हर्कियाखाल फंटे पर नाकाबंदी कर संदिग्ध क्रेटा कार (आरजे 27 सीपी 5688) को रोका। तलाशी के दौरान कार से दो प्लास्टिक की बोरियों में भरा 40 किलो अवैध डोडाचूरा बरामद किया गया। इसकी कीमत करीब 1 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त करीब 3 लाख रुपए की कीमत की क्रेटा कार को भी जब्त कर लिया। जीरन थाना प्रभारी उमेश यादव के नेतृत्व में हुई कार्रवाई में पुलिस ने खेरमालिया, थाना बघाना, जिला नीमच निवासी जसवंत सिंह सोंधिया राजपूत (25) को गिरफ्तार किया है। आरोपी से डोडा चूरा के स्रोत और गंतव्य को लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जिले में मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है और ऐसे अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।







# अफीम नीति वर्ष 2025-26 से अफीम किसानों के लिए बड़ी राहत

## सांसद गुप्ता ने जताया केन्द्र सरकार का आभार



मंदसौर । केन्द्र सरकार द्वारा नई अफीम नीति वर्ष 2025-26 घोषित कर दी। नई अफीम नीति से किसानों को राहत मिलेगी। सांसद सुधीर गुप्ता ने बताया कि सीपीएस पद्धति के अंतर्गत ऐसे किसान जिन्होने वर्ष 2024-25 में पोस्ता भूसा 900 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर से अधिक तुलवाया है वह सभी किसान इस वर्ष चीरा पद्धति से अफीम खेती कर सकेंगे। वे किसान जिन्होने 4.2 से अधिक मार्फिन जमा कराई है वे सभी किसान इस वर्ष भी चीरा पद्धति में पात्र होंगे। ऐसे किसान जो वर्ष 2023-24 प्रति हेक्टेयर 675 किलोग्राम से कम पोस्ताभूसा की उपज देने के कारण फसल वर्ष 2024-25 के लिए निलंबित किए गए थे उन किसानों को राहत प्रदान करते हुए इस वर्ष अफीम खेती करने के लिए पात्र होंगे। उन्होंने बताया कि वर्ष 1995-96 के बाद के वे सभी अफीम किसान जो पिछले वर्ष की नीतियों में अफीम लायसेंस के लिए पात्र थे परंतु किसी कारण से लायसेंस जारी नही हुए या फिर अफीम खेती नही कर पाए ऐसे सभी किसान और उनके वैध वारिस लायसेंस के लिए पात्र होंगे। वर्ष 2023-24 एवं 2025-26 में अपनी संपूर्ण खड़ी पोस्ता फसल संबंधित अधिकारियों की निगरानी में जुताई करा दी गई हो, लेकिन वर्ष 2022-23 के दौरान अपनी पूरी फसल न जुतवाई हो ऐसे किसान अफीम फसल वर्ष 2025-26 में पात्र होंगे। इसी के साथ ही वे किसान जो फसल वर्ष 2024-25 में लायसेंस पाने के पात्र थे और किसी कारणवश पट्टा प्राप्त नही कर पाये ऐसे किसान भी इस वर्ष अफीम लायसेंस के लिए पात्र होंगे।

ऐसे किसान जिनके लायसेंस एनडीपीएस प्रकरण के कारण निरस्त कर दिए गए थे परंतु न्यायालय द्वारा दोष मुक्त कर दिए गए है तो वे सभी किसान भी अफीम लायसेंस के लिए पात्र होंगे।

ऐसे अफीम किसान जिन्होने 800 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर से कम पोस्त भूसा तुलवाया है उनके लायसेंस भी निरस्त ना करते हुए केवल एक वर्ष के लिए प्रतिबंधित किए गए है परंतु उनके पास अगले फसल वर्ष के लिए लायसेंस बना रहेगा। इसी के साथ ही यदि काश्तकार चाहे तो लाइसेंस प्राप्त क्षेत्र को पूरा करने के लिए दूसरों की भूमि को पट्टे पर ले सकता है। सीपीएस पद्धति के लिए खेती के जो किसान पात्र हो गए हैं, उन्हें आगामी 5 वर्षों के लिए लाइसेंस जारी किए जाएंगे, जो कि फसल वर्ष 2025-26 से जारी होकर फसल वर्ष 2029-30 तक प्रभावी रहेंगे। सांसद सुधीर गुप्ता ने बताया कि पात्र काश्तकारों के नाम सीबीएन वेबसाइट और सीबीएन ऑनलाइन पॉर्टल पर अपलोड किए जाएंगे तथा उन्हें मोबाइल नंबर पर संबंधित संदेश, मेल आदि माध्यमों से सूचित किया जाएगा। ऐसा करने से किसान पॉलिसी जारी होने के कुछ समय के भीतर ही पात्रता सूची में अपना नाम देख सकेंगे। सरकार का यह कदम लाइसेंस वितरण प्रक्रिया को सरल व सहज करेगा। इससे पारदर्शिता भी आएगी। अब किसान ऑनलाइन फॉर्म भरकर लाइसेंस प्राप्त कर सकता है तथा पात्र किसानों की सूची भी वेबसाइट पर अपलोड हो जाएगी।

सांसद गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार किसानों के हक में निर्णय लिए जा रहे है। विशेषकर अफीम किसानों के लिए नई अफीम नीति वर्ष 2025-26 से राहत मिलेगी और किसानों को इससे लाभ मिलेगा। इस पॉलिसी में किसानों के द्वारा दिए गए सुझावों को ध्यान में रखते हुए केन्द्र सरकार ने फिर एक बार किसान हितेषी अफीम पॉलिसी को जारी किया है। इसके लिए सांसद सुधीर गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी का आभार प्रकट किया।

